SAMAGRA SHIKSHA ? KERALA

# SECOND TERM EXAMINATION

## CHRISTMAS EXAM 2018?19

# HINDI

## CLASS VI

Year: 2018?19

**QUESTION PAPER**

*HD scan ? Enhanced readability ? Red exam-style border*

**गतिविधि 1**

## STANDARD 6 - HINDI
## SECOND TERM 2018

**कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

आसमान में चमके तारे
लगते कितने प्यारे-प्यारे।
छोटे छोटे नन्हे नन्हे,
झिल-मिल झिल-मिल करते तारे।
रात अंधेरी जब होती है,
राह दिखाते हैं ये तारे।

| | |
|---|---|
| आसमान | - ആകാശം |
| प्यार लगना | - ഇഷ്ടപ്പെടുക |
| झिल-मिल करना | - തിളങ്ങുക |
| अंधेरी होना | - ഇരുട്ടുക |
| राह दिखाना | - വഴി കാണിക്കുക |

(क) तारे कहाँ चमकते हैं ?

(राह में, आसमान में, मेघ में, धर्ती में)

ख) इन आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

क) आकाश के चमकते तारे प्यारे लगते हैं।

ख) रात को तारे रास्ता दिखाते हैं।

**गतिविधि 2**

**समाचार पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

### केरल में बाढ़ प्रभावित किसानों को मुफ्त बीज देगी - सरकार

अगस्त 21, तिरुवनंतपुरम: केरल में इस साल आए बाढ़ में खेती का बड़ा नष्ट हुआ है। उन के लिए सरकार ने बीज मुफ्त देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने राज्य के पुनर्निर्माण के लिए लोगों की सहायता माँगी है।

(बाढ़ प्रभावित किसान-പ്രളയത്തിലകപ്പെട്ട കർഷകർ, मुफ्त-സൗജന്യം, बीज-വിത്ത്, घोषणा-പ്രഖ്യാപനം)

'आसमान जितना ऊँचा है और समुद्र जितना गहरा, मैं तुमसे उतना प्यार करता हूँ अम्मा।'
अम्मा ने नन्हे उल्लू को ढाँप लिया।
'तुम कितनी बार गले लगाओगी मुझे?' नन्हे उल्लू ने पूछा।
'बहुत बार' अम्मा ने फिर उसे गले लगा लिया।
'कितनी बार' नन्हे उल्लू ने ऊँघते हुए पूछा।
'जितनी लहरें हैं समुद्र में, जितने तारे हैं आसमान में, उतनी बार।'

क) "जितनी लहरें हैं समुद्र में, जितने तारे हैं आसमान में, उतनी बार।" यह किसने कहा?

ख) इस प्रसंग के आधार पर अम्मा उल्लू की **डायरी** लिखें।

**धि 4**

**तान हमारा' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

घने पेड़ों से सजे पर्वत, खिल-खिलाकर बहती नदियाँ, काली घटा से अपनी बालों को खोलकर झूमती बारिश, हरा घाघरा पहनकर नाचते लह-लहाते खेत सब भारत की अपनी विशेषताएँ हैं। छहों ऋतुएँ मेहमान बनकर मुस्कराती हुई इस देश से गुज़र जाती है।

'छहों ऋतुएँ मेहमान बनकर मुस्कराती हुई इस देश से गुज़र जाती है।'- किस देश से?

सही मिलान करें।

| | क | ख |
|---|---|---|
| 1 | खिल-खलाकर बहती | खेत |
| 2 | बालों को खोलकर झूमती | पर्वत |
| 3 | हरा घाघरा पहनकर नाचती | बारिश |
| 4 | घने पेड़ों से सजे | नदियाँ |

**गतिविधि 5**

**'जगमग तारा' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

देश हमारा देश हमारा
चमके जैसे जगमग तारा।
देश हमारा देश हमारा
सत्य अहिंसा का रखवारा।
देश हमारा देश हमारा
बलिदानों ने उसे संवारा।

क) हमारा देश किसका रखवारा है?

ख) कवितांश का आशय लिखें।

**गतिविधि 6**

**खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

ओलिंपिक विश्व का सबसे बड़ा खेल प्रतियोगिता है। इसका आयोजन प्रत्येक चार साल के बाद होता है। प्रथम ओलिंपिक खेल ग्रीक के ओलंपिया नगर में हुआ था। इसी स्थान के नाम पर इस खेल आयोजन को ओलिंपिक नाम दिया गया। 2016 का ओलिंपिक्स ब्राज़ील के रियो में हुआ था। इसमें भारत को 2 पदक मिले थे ।

क) विश्व का सबसे बडा खेल प्रतियोगिता कौन सा है?

क) एशियाड ख) ओलिंपिक्स ग) कॉमन-वेल्थ घ) एशियाई खेल

ख) सही प्रस्ताव कौन-सा है?

क) ओलिंपिक का आयोजन प्रत्येक 3 साल के बाद होता है।
ख) ओलिंपिक का आयोजन प्रत्येक 5 साल के बाद होता है।
ग) ओलिंपिक का आयोजन प्रत्येक 4 साल के बाद होता है।
घ) ओलिंपिक का आयोजन प्रत्येक 2 साल के बाद होता है।

ग) प्रथम ओलिंपिक खेल ग्रीक के किस नगर में हुआ था?

क) ग्रीक ख) रियो ग) ओलंपिया घ) ब्राज़ील

घ) 2016 का ओलिंपिक्स कहाँ हुआ था?

क) लंदन ख) रूस ग) अमेरिका घ) ब्राज़ील

ङ) रियो में भारत को कितने पदक मिले थे ?

क) 4 ख) 5 ग) 10 घ) 2